कार्य-पत्र-1

निर्धारित समय: 30 मिनट **पूर्णांक: 20**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त हाने वाले शब्दों को क्या कहते हैं? **2**

....

....

2. दो उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य करने वाले सर्वनाम को क्या कहते हैं? **2**

....

....

3. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर लिखिए। **1×8=8**

सर्वनाम

1. मुझे घर जाना है। ....
2. पूजा के लिए कुछ लाना है क्या? ....
3. आज वह स्वयं खाना बनाएगा। ....
4. (कुरसी की ओर इशारा करते हुए) इसे यहाँ से ले जाओ। ....
5. तुमको भी साथ आना होगा। ....
6. हमारे यहाँ आज कोई आने वाला है। ....
7. उस लड़की को बुलाओ जो नृत्य सिखाती है। ....
8. दीपक इन किताबों में से तुम्हें कौन सी चाहिए? ....

4. रेखांकित सर्वनामों के भेद लिखिए। **1×8=8**

सर्वनाम का भेद

1. मुझे <u>आपसे</u> कुछ काम है। = ...
2. तुम्हें <u>खुद</u> यह काम करना होगा। = ...
3. इस कमरे में <u>कौन</u> सोता है? = ...
4. वह मकान गिर गया <u>जो</u> नदी के किनारे पर था। = ...
5. छत पर आपका <u>कोई</u> इंतज़ार कर रहा है। = ...
6. <u>इसे</u> (प्लेट की ओर इशारा करते हुए) यहाँ से हटा लो। = ...
7. वे अपना काम <u>खुद</u> करते हैं। = ...
8. मुझे पिता जी के लिए <u>कुछ</u> खरीदना है। = ...

कार्य-पत्र-2

निर्धारित समय : 30 मिनट | **पूर्णांक : 18**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. निजवाचक सर्वनाम के अंतर्गत कौन-कौन से शब्द आते हैं? लिखिए। **4**

....

....

....

....

2. निश्चयवाचक सर्वनाम तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

....

....

....

3. सही उत्तर के सामने ✓ का निशान लगाइए। **1×6=6**

1. पुरुषवाचक सर्वनाम का प्रकार नहीं है–
   (क) उत्तम पुरुष ☐ (ख) द्‌वितीय पुरुष ☐
   (ग) मध्यम पुरुष ☐ (ग) अन्य पुरुष ☐
2. इसे यहाँ से उठा लो। इस वाक्य में सर्वनाम शब्द हैं–
   (क) इसे ☐ (ख) यहाँ ☐ (ग) उठा ☐ (घ) लो ☐
3. अनिश्चवाचक सर्वनाम है–
   (क) कौन ☐ (ख) क्या ☐ (ग) किसे ☐ (घ) कोई ☐
4. दो उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य कौन-सा सर्वनाम करता है?
   (क) निजवाचक ☐ (ख) संबंधवाचक ☐
   (ग) निश्चयवाचक ☐ (घ) अनिश्चयवाचक ☐
5. उत्तम पुरुष सर्वनाम है–
   (क) तुम ☐ (ख) आपने ☐ (ग) मैं ☐ (घ) वे ☐
6. इनमें से संकेतवाची सर्वनाम किसे कहा जाता है?
   (क) निश्चयवाचक ☐ (ख) अनिश्चयवाचक ☐
   (ग) पुरुषवाचक ☐ (घ) संबंधवाचक ☐

4. कोष्ठक में दिए गए सर्वनामों के उचित रूपों से वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **1×6=6**

1. मैं .... से मिलना नहीं चाहता। (कोई)
2. बरसात में वह मकान गिर गया .... दीवारें कच्ची थीं। (जो)
3. (मेज़ की ओर संकेत करते हुए) हम सब .... पर बैठकर खाना खाएँगे। (यह)
4. अब .... सीढ़ियाँ नहीं चढ़ी जातीं। (वे)
5. माँ ने .... लिए साड़ी खरीदी। (मैं)
6. .... कल से कुछ नहीं खाया। (वे)

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....